# Public Opinion

## जनमत

Presented by
Dr. Archana Bharti
Guest Faculty, MJMC
Sem-1, Paper- 101
Date- 05/08/2021

# What is Public Opinion

- प्रत्येक समाज में जनमत अथवा जनता के मत का महत्वपूर्ण स्थान होता है।
- जनमत को परिवर्तित करने में जनमाध्यमों की भूमिका होती है।
- जनमत शब्द दो शब्दों के योग से बना है, जन + मत। इस प्रकार शाब्दिक अर्थ में जनमत, जनता का मत है।

# Public Opinion

- सामान्यतया लोग ‘जनता‘ शब्द का प्रयोग समुदाय, भीड़, राष्ट्र आदि के लिए करते हैं, परन्तु मनोवैज्ञानिक रूप से जनता का प्रयोग उस समूह के लिए किया जाता है जिसके सदस्यों के आमने–सामने का सम्बंध तो नहीं होता परन्तु वे सभी समान मत और इच्छाओं से बंधे होते हैं।

# Public Opinion

- **गिन्सबर्ग** ने जनता को परिभाषित करते हुए कहा कि “ जनता को उन व्यक्तियों का एक असंगठित एवं आकारहीन समुदाय कहा जा सकता है जा समान विचार एवं इच्छाओं के द्वारा आपस में बंधे होते हैं और इनकी संख्या इतनी अधिक होती है ये एक–दूसरे में व्यक्तिगत सम्बंध स्थापित नहीं कर सकते हैं।“

# Public Opinion

- **किम्बल यंग** (1960) के अनुसार, ‘‘जनमत वह मत है जिसे जनता किसी समय पर व्यक्त करती है।‘‘ (Public Opinion consists of the opinions held by a public at a certain time.)
- जनमत वह निर्णय है जो जनता के द्वारा निर्मित और अनुभव किया जाता है। इसका निर्माण सामूहिक विचारों के परिणामस्वरूप होता है।

# Public Opinion

- जनमत किसी समय विशेष तथा किसी समस्या विशेष अथवा जनता के ही कार्यों के सम्बंध में हो सकता है।
- जनमत समाज पर प्रभाव डालने वाले या उसके हितों से सम्बंधित होता है।
- (Thus public opinions consists of opinions held by people of a smaller or larger community about a particular problem at a certainn time.)

# Characteristics of Public Opinion

- जनमत कभी व्यक्ति विशेष या वर्ग विशेष के हित के लिए न होकर सार्वजनिक विषय के सम्बंध में होता है।
- जनमत एक व्यापक निर्णय है, जिसे एक समूह या समुदाय के अधिकांश लोग स्वीकार करते हैं।
- जनमत का निर्माण कोई व्यक्ति विशेष नहीं करता है, बल्कि जनमत की उत्पत्ति सामूहिक आधार पर होती है और वह समूह या समुदाय के व्यक्तियों द्वारा सामान्य मत समझा जाता है।

# Characteristics of Public Opinion

- जनमत व्यक्तियों के पारस्परिक प्रक्रिया के कारण उत्पन्न होता है।
- यह एक ऐसा निर्णय है जो बहुमत द्वारा सोच–विचार कर लिया जाता है।
- जनमत जनता के कार्यों के बारे में होते हैं। जनमत का विचारा चाहे कोई हो, परन्तु जनमत का विषय महत्वपूर्ण होता है।
- जनमत के आधार पर सम्पूर्ण जनता को प्रभावित किया जा सकता है। अतः यह समाज और समुदाय के लोगों को प्रभावित करता है।